आयोजन | देश भर के बड़े औद्योगिक घरानों ने माइनिंग कॉन्क्लेव के प्रति दिखाई दिलचस्पी, 15 सौ से अधिक उद्यमियों ने कराया पंजयीन

माइनिंग कॉन्क्लेव से निवेश और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

नवभारत, कटनी। जिले में 23 अगस्त को होने वाले माइनिंग कॉन्क्लेव में खनिज और खनन क्षेत्र में काम करने वाली देशभर की नामी-गिरामी कंपनियां, उद्योगपति, निवेशक,औद्योगिक संस्थान और हितधारक व खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। कान्क्लेव में शामिल होने के लिए अब तक डेढ़ हजार से अधिक देश के बड़े औद्योगिक घरानों, उद्योगपतियों और निवेशकों ने पंजीयन कर दिलचस्पी दिखाई है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर होने जा रही माइनिंग कान्क्लेव यहां निवेश प्रोत्साहन के नजरिए से एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न सिर्फ कटनी और आस-पास के जिलों, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में आर्थिक समृद्धि और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। राज्य को खनन और खनिज-आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में माइनिंग कान्क्लेव मील का पत्थर साबित होगी।

माइनिंग कान्क्लेव का यह महत्वपूर्ण आयोजन राज्य में खनन, तेल, गैस और खनिज आधारित उद्योगों की व्यापक संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा, जो विकास की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। कान्क्लेव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री सहित राज्य के मंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के परिवहन और स्कूल शिक्षा मंत्री

उदय प्रताप सिंह सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे।

मध्यप्रदेश,खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य है और देश के खनन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह देश का एकमात्र राज्य है जो हीरे का उत्पादन करता है। साथ ही मैंगनीज और तांबा अयस्क के उत्पादन में भी अग्रणी है, जो विभिन्न औद्योगिक उपयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा राज्य रॉक-फॉस्फेट उत्पादन में दूसरे, सीमेंट उद्योग के लिए आवश्यक चूना पत्थर उत्पादन में तीसरे और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। कोल-गैस के उत्पादन में भी राज्य दूसरे स्थान पर है, जो वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और स्थिरता की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कटनी का माइनिंग कॉन्क्लेव खनिज कंपनियों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाएगा, जिससे सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के समृद्ध खनिज संसाधनों को प्रदर्शित करना है, जिससे राज्य में निवेश को आकर्षित किया जा सके। इसमें कोयला, चूना पत्थर, तेल और गैस, सहित अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाओं पर चर्चा होगी। साथ ही खनन में एआई और मशीन लर्निंग की भूमिका पर भी जोर दिया जाएगा।

इस आयोजन में डिजिटल परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें खनन कार्यों में ऑटोमेशन के साथ एआई और मशीन लर्निंग के उपयोग पर चर्चा होगी। कोल गैस जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की संभावनाओं का भी अन्वेषण किया जाएगा। सीमेंट, ऊर्जा, और खनिज-आधारित उद्योगों से संबंधित मुद्दों पर गहन चर्चा होंगी। कॉन्क्लेव में कई संस्थानों के साथ एमओयू भी होंगे, जिससे राज्य के खनन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए सभी निवेश प्रस्ताव फलीभूत होंगे।

पीएचई के एसडीओ को नोटिस

▶ विजयराघवगढ़ किले में उल्टा झंडा फहराने के मामले में कार्रवाई शुरू

नवभारत कटनी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले में ध्वजारोहण समारोह के दौरान ध्वज संहिता का पालन नहीं करने पर विजयराघवगढ़ एसडीएम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किले में बैठक व्यवस्था, माइक, ध्वजारोहण स्थल की साज-सज्जा और प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन 15 अगस्त को विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा ध्वजारोहण के दौरान यह पाया गया कि भारतीय ध्वज संहिता का पालन नहीं किया गया।

यह कृत्य राष्ट्रीय पर्व जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर लापरवाही और पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करना दर्शाता है। इसके आधार पर उनके खिलाफ मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1965 और मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजने की बात कही गई है। अनुविभागीय अधिकारी को तीन दिन के अंदर अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। जवाब प्रस्तुत करने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

दद्दा धाम में सेना के जवान के सूने घर में चोरी

नवभारत, कटनी। पुलिस मोहकमें में फेरबदल के बाद से ही जिले भर में न तो अपराध कम हो रहे और न ही चोरी की वारदातों में पुलिस अंकुश लगा पा रही है। और तो और अब तो देश की रक्षा करने वाले जवानों तक के घर सुरक्षित नहीं है। माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत दद्दाधाम कालोनी में सेना के जवान के सूने मकान में देररात अज्ञात चोरों ने धावा बोला और अंदर से 15 हजार रूपए नगद सहित सोने व चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दद्दाधाम कालोनी निवासी दिनेश परते सेना में जवान है, उसकी तैनाती फिरोजपुर पंजाब में हैं। दद्दाधाम के मकान में उसकी मां बस रहती थी। बताया जाता है कि बीते दिनों मां मकान में ताला लगाकर रिश्तेदारी में बालाघाट गई थी। इसी बात का फायदा बदमाशों ने उठाया और उनके सूने मकान में धावा बोलकर अंदर से नगदी व जेवर लेकर चंपत हो गए। मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में नकाबपोश गिरोह के कुछ सदस्य देखे गए हैं। इस नकाबपोश गिरोह के द्वारा पहले विश्रामबाबा और रीठी में भी वारदात को अंजाम दिया जा चुका है। हमेशा की तरह वारदात की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई लेकिन आरोपियों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं लगे हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक दिवसीय कार्यशाला 20 को

नवभारत, कटनी। गणेश उत्सव और दुर्गा उत्सव के दौरान मूर्ति निर्माण और विसर्जन के संबंध में 20 अगस्त को होटल अर्जुन पैलेस में सुबह 11 बजे से कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मूर्ति निर्माण और विसर्जन के संबंध में जारी किए गए दिशा-निर्देशों पर चर्चा की जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने जिले के प्रमुख उद्योगों जैसे एसीसी सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेके सीमेंट, डाबर इंडिया और अन्य रिफैक्टरी और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को इस कार्यशाला में कम से कम अपने 5 प्रतिनिधियों को भेजने का के लिए कहा है।

कीचड़ से सना तीन किलोमीटर का सफर, ग्रामीण हो रहे परेशान

▶ सड़क निर्माण कार्य नहीं कराने पर ग्रामीणों ने दी चकाजाम की चेतावनी

नवभारत ढीमरखेड़ा। राज्य शासन ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावक के लिए शासन की मंशा है कि उन्हें पर्याप्त सुविधाएं मिले, गांव से शहर को जोड़ने के लिए उन्हें आवागमन के साधन मिले। वहीं विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक अपने घरों से पैदल आने जाने में कोई परेशानी नहीं हो, और बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं के लिए सुविधाएं मिले। लेकिन इसके विपरीत जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सिलौंडी से अहमेटा गांव के ग्रामीण वर्षों से सड़क की मांग कर रहे हैं। लेकिन इस गांव के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया जा

रहा है। शासन-प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस गांव के बीचो-बीच तीन किलोमीटर मार्ग के निर्माण में रूचि नहीं ली गई है। प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में अहमेटा के छात्र छात्राओं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे छात्र, छात्राओं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से ग्रामीणों का भी आवागमन होता है। बारिश के दिनों में दो पहिया वाहन भी निकालने में काफी परेशानी होती है। एंबुलेंस इमरजेंसी के लिए बुलवाना हो तो ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर बारिश के दिनों में पैदल चलना भी काफी मुश्किल होता है। सड़क न बनने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। अहमेटा से रोजाना स्कूली छात्र-छात्राएं साइकिल से सिलौड़ी पढाई करने आते हैं स्कूल आने जाने में खस्ताहाल सड़क पर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। वही पैदल चलने वाले, मोटरसाइकिल में चलने वाले राहगीरों को आए दिन फिसलने से हादसे का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए वर्तमान सरपंच पंचो बाई, संबंधित जिम्मेदार अधिकारीयों से मांग की गई है, लेकिन खस्ताहाल सड़क निर्माण में रूचि नहीं ली जा रही है। यदि सड़क का निर्माण शीघ्र नहीं किया गया तो आने वाले समय पर चका जमा कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विजय कांत, रजनीश दहिया, सतीश हल्दकार, महेश यादव, राकेश दहिया, पूरन दाहिया, सुरेंद्र हल्दकार, शिवनाथ, गेंदालाल, संदीप यादव, कयूम, ऊषा बाई, नीतू काछी, रोशनी काछी, आकांक्षा मेहरा, निर्जला दहायत, रजनीश, अमन काछी अन्य लोगों ने सड़क बनाए जाने की मांग की है।

बजरंग गौशाला गोकुल आश्रम में मनाई गई जन्माष्टमी

▶ मानव विकास जीवन विकास समिति की टीम ने पठरा में गौ माता का पूजन

नवभारत उमरियापान। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिले के बड़वारा ब्लॉक के पठरा गांव में बने बजरंग गौशाला में मानव जीवन विकास समिति की टीम ने पहुंचकर श्रीकृष्ण के जन्म का आनन्दोत्सव मनाया। साथ ही गौ माता की पूजा अर्चना की। यहां गौ माताओं की काफी संख्या में भीड़ देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हो गया।

पर्यावरणविद् और मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का गौमाता से अद्भुत और गहरा संबंध था। उन्हें गोपाल और गोविंद कहा जाता है, जिसका अर्थ है गायों का रक्षक और पालनहार। कृष्ण का बचपन गोकुल और वृंदावन में गायों के साथ बीता, जहां वे अपनी बांसुरी की धुन से गायों को मोहित करते थे। गाय को हिंदू धर्म में माता का स्थान प्राप्त है और कृष्ण ने हमेशा गौ-सेवा का महत्व बताया। उन्होंने गोवर्धन पर्वत को उठाकर गायों और ग्वालों की रक्षा की। भगवान कृष्ण ने हमेशा गायों को सम्मान दिया और उन्हें गौमाता कहकर संबोधित किया। इस अवसर पर कृषि विभाग से डीडीए मनीष मिश्रा, समाजसेवी संजीव सिंह, रामकिशोर चौधरी, चंद्रपाल कुशवाहा, पूनम शर्मा, सोनम निशा, बनाश्री चक्रवर्ती, रिया तिवारी, ओमप्रकाश यादव सहित अन्य लोगों की भागीदारी रही है।

नाबालिग को बेचकर शादी कराने वाली महिला गिरफ्तार

▶ लापता हुई बालिका के मामले में पुलिस ने किया ,खुलासा

नवभारत कटनी। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत क्षेत्र में रहने वाली एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को एक लाख 20 हजार रूपए में हरियाणा ले जाकर बेचने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग बालिका की सहेली की मां के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने पांच अगस्त शिकायत दर्ज कराई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी अपनी सहेली के घर जाने के बाद वापस नहीं लौटी। पुलिस ने इस मामले की विवेचना के दौरान मिली जानकारी के आधार पर हरियाणा के हूडल जिला पलवल में छापा मारा। जहां किशोरी 25 वर्षीय रॉबी जाट के कब्जे में मिली। पूछताछ में रॉबी ने बताया कि उसने महिला और कथित मामा को 1 लाख 20 हजार रुपए देकर किशोरी से विवाह किया था। किशोरी पिछले 8 दिनों से भागने की कोशिश कर रही थी। पुलिस ने किशोरी को मुक्त कराया और रॉबी को गिरफ्तार कर कटनी लाया गया।पुलिस जांच में सामने आया कि महिला नाबालिग किशोरियों को बेचकर जबरन शादी कराने का एक गिरोह चला रही थी। इस मामले में झांसी व हरियाणा क्षेत्र के दो अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने महिला और रॉबी जाट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला ने पूछताछ में जानकारी दी है कि उसने हरियाणा के एक युवक के साथ मिलकर किशोरी को 1 लाख 20 हजार रुपए में बेच दिया और उसका जबरन विवाह करा दिया है।

पुलिस ने आरोपी महिला गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले के सामने आने के बाद बेटियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। यह नेटवर्क किस तरह काम करता है और इसकी सक्रियता कैसी है इसकी जांच अवश्य कराई जानी चाहिए। इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए सभी को सलाखों के पीछे जल्द भेजा जाना आवश्यक है।

नगर निगम की एनिमल बर्थ यूनिट शुरू, चार आवारा कुत्तों का पकड़ा

▶ अभियान चलाया गया

नवभारत कटनी। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आवारा श्वानों की प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा 5 जून को अमकुही स्थित जल शोधन संयंत्र प्लांट के एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के परिसर का निरीक्षण कर शेष कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए थे। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम का शेष कार्य जल्द पूरा कराते हुए सोमवार से आवारा श्वानों को डॉग केचर नेट के माध्यम से सुरक्षित पकड़ने के लिए माधव नगर के एडीएम लाइन और शांति नगर में अभियान चलाया गया। जिसके

तहत अब तक 4 आवारा श्वानों को वाहन पिंजरा के माध्यम से एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम में भेजा गया है। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम के संबंध में बताया कि इस कंट्रोल रूम में जनसंख्या नियंत्रण के लिए लाए जाने वाले श्वानों के अतिरिक्त आक्रमक किस्म के श्वानों को भी लाया जाएगा और उपचार के बाद दोबारा छोड़ दिया जाएगा। इससे आवारा श्वानों की समस्या के संबंध में काफी हद तक छुटकारा मिलेगा।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अपने पालतू श्वानों को निर्धारित स्थल पर बांधकर रखने की की बात कही गई है।

कांजी हाउस भेजे गए मवेशी

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन में शहर के बस स्टैंड, कुठला क्षेत्र, पन्ना मोड़, शहडोल बायपास सहित विभिन्न क्षेत्रों में हाका टीम के कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाया जाकर 10 नग आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा है। अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने हांका टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ शहर के मार्केट क्षेत्र और अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों सहित मुख्य मार्गों से आवारा मवेशियों को पकड़ा जा रहा है।

शिक्षा से ही समाज में आएगा बदलाव, उज्जवल होगा बच्चों का भविष्य

▶ जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बिरूहली स्कूल में किया ध्वजारोहण

नवभारत कटनी। स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरुहली स्थित पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए ध्वजारोहण किया। रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने

बच्चों के साथ रुचिकर भोजन का आनंद भी उठाया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बच्चों को संबोधित करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही उन्होंने प्राथमिक शाला भवन के जीर्णोद्धार, हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल कराने के लिए लगातार प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के समापन के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बच्चों के साथ रुचिकर भोजन किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक और काफी संख्या में बच्चों के अलावा उनके अभिभावक और ग्रामीण जन मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष से प्राथमिक स्कूल का कब्जा हटवाने, बिरूहली में हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग सहित प्राचार्य के प्रभार संबंधी समस्याओं को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। यहां निवास कर रहे पारधी समाज के लोगों को शिक्षा और समाज से जुड़े रहकर अपने और अपने बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने की बात कही।

गुणवत्ता दरकिनार कर कराया जा रहा पुलिया निर्माण

▶ ढ़ीमरखेड़ा जनपद पंचायत की सनकुई ग्राम पंचायत में लग रहे आरोप

नवभारत ढीमरखेड़ा। ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम पंचायत सनकुई में पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ता को दरकिनार कर दिया गया है। तीन लाख 10 हजार रुपए की लागत से बन रही पुलिया में निर्माण मानको की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

आरोप है कि पुलिया में गिट्टी और सीमेंट के बजाय रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पुलिया की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। यह साफ दर्शाता है कि कैसे जनहित के

कार्यों से खिलवाड़ किया जा रहा है।

इस तरह के घटिया और गुणवत्ताहीन कार्यों से न सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि आम जनता के मन में सरकार और स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रति अविश्वास भी बढ़ रहा है। इस तरह के मामलों पर तत्काल ध्यान देने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है, ताकि विकास कार्यों का लाभ सही मायनों में आम जनता तक पहुंच सके।

महोत्सव | शहर में मनाया गया 71वां दाधिकांदो महोत्सव, सुभाष चौक में सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे लोग

दाधिकांदो में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल के भजनों से गूंजा सुभाष चौक

नवभारत, कटनी। शहर के सुभाष चौक पर आयोजित 71वां दाधिकांदों महोत्सव इस वर्ष ऐसा ऐतिहासिक क्षण लेकर आया, जिसे देखने हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। चारों ओर भक्ति, उत्साह और उल्लास का माहौल देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा शहर भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं में डूब गया हो। महोत्सव का सबसे आकर्षक और रोमांचक क्षण वह रहा जब 30 फुट ऊंचाई पर बंधी मटकी को गोपालों की टोली ने परंपरागत तरीके से फोड़कर

विजय हासिल की। गोपालों की टोली जब एक-एक कर पिरामिड बनाकर ऊपर चढ़ी, तब दर्शकों की सांसें थम सी गईं और जैसे ही मटकी फूटी, आसमान जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस विजय क्षण को सभी ने शहर के लिए गौरवशाली पल माना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक रहे। उन्होंने गोपालों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कटनी की यह धरती सदैव धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की जीवित मिसाल रही है। दाधिकांदों महोत्सव जैसी परंपराएं हमें अपनी संस्कृति से जोड़ती हैं और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करती हैं। आयोजन के संयोजक पार्षद अवकाश जायसवाल रहे। उन्होंने शहरवासियों के लिए ऐसा माहौल तैयार किया, जिसने न सिर्फ कटनी की पहचान को और उज्ज्वल किया, बल्कि शहर को सांस्कृतिक दृष्टि से एक नई दिशा भी दी। पार्षद अवकाश जायसवाल ने कहा हमारा प्रयास है कि कटनी की पहचान सिर्फ औद्योगिक और व्यापारिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में भी विशेष स्थान बनाए।

दाधिकांदों महोत्सव इसी कड़ी का हिस्सा है। उनके इस प्रयास ने नगरवासियों में उत्साह और गर्व की भावना भर दी। मटकी फोड़ने वाले गोपालों की हिम्मत और टीम भावना को सम्मानित करते हुए विजयी टीम को 51 हजार की राशि भेंट की गई। पूरे सुभाष चौक पर देर रात तक भजन, कीर्तन और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का उल्लास बना रहा। लोग देर रात तक अपने परिवारों सहित इस आयोजन का आनंद लेते रहे।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करें।
क्योर जोन
Dr.V.B.Khare
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111